8 क्रिया

नीचे दिए गए चित्रों में देखिए कि कौन क्या कर रहा है।

रेशमा साइकिल **चला रही है।**
दिव्या उसके **पीछे बैठी है।**

महेश पतंग **उड़ा रहा है।**
राजू ने **चरखी पकड़ी है।**

सब्ज़ीवाला सब्ज़ी **बेच रहा है।**
महिला टमाटर **खरीद रही है।**

वर्षा **हो रही है।** मोर **नाच रहा है।**
दीपू पानी में नाव **तैरा रहा है।**

ऊपर दिए गए वाक्यों के रंगीन शब्द काम का करना या होना बता रहे हैं।

जिन शब्दों से काम का करना या होना पता चलता है, वे काम वाले शब्द कहलाते हैं। काम वाले शब्दों को ही **क्रिया** कहा जाता है।

आइए, कुछ क्रिया शब्दों के बारे में जानिए।

आना	हँसना	खेलना	उठना	उड़ना	जाना
देखना	तोड़ना	बैठना	दौड़ना	खाना	पढ़ना
जोड़ना	डरना	मारना	पीना	लिखना	देना
नाचना	झाँकना	सोना	कहना	लेना	गाना
माँगना	रोना	सुनना	भूलना	भागना	लाना

(क) बताइए कि तुम्हारी माता जी तुम्हारे लिए क्या-क्या काम करती हैं?

1. भोजन **बनाती हैं।**
2. कपड़े धोती है।
3. बस्ता तैय्यार करती है।
4. गृहकार्य कराती है।
5. कहानी सुनाती है
6. उपहार देती है।

(ख) नीचे दिए गए चित्रों में सभी कोई-न-कोई काम कर रहे हैं। सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

खेल	रो	लड़	पढ़	दौड़	उड़

सविता दौड़ रही है।

बच्चा रो रहा है।

चिड़िया उड़ रही है।

बिल्लियाँ लड़ रही हैं।



लड़का पढ़ रहा है।

बच्चे खेल रहे हैं।

ग) क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए।

1. आना	राम	बाज़ार
2. ताजमहल	गाना	लड़का
3. नीना	जूता	लिखना
4. सुनना	मोहन	पंखा

9 विलोम शब्द

नीचे दिए गए चित्रों को देखिए तथा उनके नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए।



करेला **कड़वा** होता है।
आम **मीठा** होता है।



घर की खिड़की **खुली** है।
घर का दरवाज़ा **बंद** है।

ऊपर के वाक्यों में आए रंगीन शब्द इस प्रकार हैं–

कड़वा × मीठा   खुली × बंद

ये शब्द एक दूसरे के उलटे अर्थ बता रहे हैं।

एक दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द **विलोम शब्द** कहलाते हैं।

आइए, कुछ शब्दों के विलोम शब्द जानिए।

अच्छा	×	बुरा	मोटा	×	पतला	अपना	×	पराया
लाभ	×	हानि	आकाश	×	पाताल	सुख	×	दुख
पूरब	×	पश्चिम	खुशबू	×	बदबू	आशा	×	निराशा
सूखा	×	गीला	उधार	×	नकद	मित्र	×	शत्रु
ऊपर	×	नीचे	गर्मी	×	सर्दी	हलका	×	भारी
हँसना	×	रोना	अंदर	×	बाहर	नया	×	पुराना
दिन	×	रात	हार	×	जीत	सच्चा	×	झूठा

(क) चित्रों को देखकर वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।



राहुल **मोटा** लड़का है।

दिनेश ___पतला___ लड़का है।



कुत्ता **काला** है।

खरगोश ___सफ़ेद___ है।

रवि का कुरता **पुराना** है।

हरि का कुरता ___नया___ है।

सविता **खड़ी** है।

राधा ___बैठी___ है।

(ख) रेखा खींचकर उलटे अर्थ वाले शब्द जोड़िए।

1. अच्छा	मित्र
2. जीत	बुरा
3. पुराना	भारी
4. शत्रु	नया
5. हलका	हार

(ग) उलटे अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाकर लिखिए।

सुख	सच्चा	गरमी	अंदर	दिन	दुख
पश्चिम	झूठा	पूरब	बाहर	सरदी	रात

1. सुख × दुख
2. सच्चा × झूठा
3. गरमी × सर्दी
4. अंदर × बाहर
5. दिन × रात
6. पूरब × पश्चिम

(घ) दिए गए शब्दों के सही विलोम शब्दों पर गोला लगाइए।

1. अपना → बुरा / पराया
2. खुशबू → सुगंध / बदबू
3. आकाश → पाताल / मृत्यु
4. सूखा → कठोर / गीला
5. उधार → पैसा / नकद
6. आशा → निराशा / भला

(ङ) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

1. सूखा × गीला
2. अपना × पराया
3. हँसना × रोना
4. दुख × सुख
5. नगद × उधार
6. हार × जीत